कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
Employees' State Insurance Corporation
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि.
ESIC

मुख्यालय/Headquarters
पंचदीप भवन, सी.आई.जी.मार्ग, नई दिल्ली-110002
Panchdeep Bhawan, CIG Marg, N. Delhi-110002
वेबसाइट:www.esic.nic.in / www.esic.in
ईमेल: rajbhasha-hq@esic.nic.in

संख्या : ए-49/13/01/2024-रा.भा./सम्मेलन दिनांक : 26.7.2024

सेवा में,

1. बीमा आयुक्त, राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी, द्वारका, नई दिल्ली।
2. सभी अपर आयुक्त एवं क्षेत्रीय निदेशक/ निदेशक/ संयुक्त निदेशक (प्रभारी)/ उप निदेशक (प्रभारी) क्षेत्रीय कार्यालय/ उप क्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम।
3. सभी चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी.निगम अस्पताल / क.रा.बी.निगम आदर्श अस्पताल।
4. सभी संकायाध्यक्ष, क.रा.बी.निगम चिकित्सा/ दंत्य/ नर्सिंग महाविद्यालय, स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान।
5. निदेशालय (चिकित्सा) दिल्ली/ निदेशालय (चिकित्सा) नोएडा

**विषय :** **<u>क.रा.बी.निगम में 33वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन– दिनांक 16-17 अगस्त, 2024</u>**

महोदय/महोदया,

सूचित किया जाता है कि महानिदेशक महोदय के अनुमोदन से निगम में 33वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन दिनांक 16 एवं 17 अगस्त, 2024 को एर्णाकुलम, केरल में होना निश्चित हुआ है। इसकी अध्यक्षता महानिदेशक महोदय करेंगे।

सम्मेलन में निगम कार्यालयों तथा अस्पतालों में तैनात **सभी** संयुक्त निदेशक(राजभाषा)/उप निदेशक(राजभाषा) तथा सहायक निदेशक (राजभाषा) भाग लेंगे। सहायक निदेशक (राजभाषा) तैनात न होने की स्थिति में कार्यालय में तैनात वरिष्ठतम अनुवाद अधिकारी भाग लेंगे। किसी कार्यालय/ अस्पताल में एक से अधिक अनुवाद अधिकारी तैनात होने पर वरिष्ठतम (senior most) अनुवाद अधिकारी द्वारा भाग लिया जाएगा। जहां कोई अनुवाद अधिकारी तैनात ही नहीं हैं वहां प्रभारी राजभाषा अधिकारी (संयुक्त/ उप/ सहायक निदेशक जो राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी कार्य देखते हों) सम्मेलन में भाग लेंगे। वर्ष 2022-23 के शील्ड विजेता तथा सर्वश्रेष्ठ हिन्दी गृह पत्रिका के विजेता कार्यालयों के राजभाषा प्रभारी, अनुवाद अधिकारी सहित सम्मेलन में भाग ले सकते हैं।

अवगत हो कि मुख्यालय द्वारा कार्यालय प्रमुखों को अनेक कार्य दिए हुए है। अत: कार्यालय प्रमुख और अस्पतालों से चिकित्सा अधीक्षक कृपया इस राजभाषा सम्मेलन में भाग न लें।

कृपया सम्मेलन में भाग लेने वाले अधिकारी को निदेश दें कि सम्मेलन हेतु विचारणीय विषय मुख्यालय को ई-मेल **<u>rajbhasha-hq@esic.nic.in</u>** पर वर्ड फाइल में (मंगल फांट में) तुरंत भेजें। विचारणीय विषय स्पष्ट, संक्षिप्त, सार्थक और राजभाषा कार्यान्वयन बढ़ाने के संबंध में होने चाहिए। विचारणीय विषयों का चयन मुख्यालय द्वारा किया जाएगा और जो मद उपयुक्त प्रतीत नहीं होगी उसे सम्मेलन की कार्यसूची मद से हटा दिया जाएगा। विचारणीय विषय भेजने की **<u>अंतिम तिथि दिनांक 08.8.2024 अप.5:30 बजे</u>** है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले विषयों को कार्यसूची में सम्मिलित नहीं किया जाएगा। सम्मेलन में भाग लेने वाले क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रतिनिधि अपने क्षेत्राधिकार (क्षेत्रीय/उप क्षेत्रीय कार्यालय/क.रा.बी.निगम अस्पताल) में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन से संबंधित दिनांक **<u>01.04.2023 से 31.03.2024</u>** तक की प्रस्थिति (status) एवं विशेष उपलब्धियों से संबंधित अधिकतम 08 स्लाइडों का पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन (मंगल फॉन्ट में) दिनांक 29.7.2024 तक मुख्यालय को **<u>rajbhasha-hq@esic.nic.in</u>** पर ईमेल करें।

सम्मेलन में भाग लेने वाले अधिकारी के विवरण नामांकन प्रपत्र में भर कर अंतिम तिथि अर्थात **<u>दिनांक 12.8.2024 तक</u>** मुख्यालय भेज दें और इसकी सूचना सम्मेलन आयोजित करने वाले कार्यालय को भी दी जाए। <u>नामांकन तिथि का विशेष ध्यान रखा जाए। विलंब से प्राप्त नामांकन पर विचार नहीं होगा।</u> दौरा कार्यक्रम/टिकट आदि सुनिश्चित हो जाने के बाद आगमन और प्रस्थान की तिथि/समय/साधन आदि की सटीक जानकारी उप क्षेत्रीय कार्यालय एर्णाकुलम, केरल को तत्काल दें ताकि व्यवस्था में सहूलियत हो सके। होटल आरक्षण की व्यवस्था उप क्षेत्रीय कार्यालय एर्णाकुलम, केरल द्वारा की जाएगी और तदनुसार सम्मेलन स्थल की जानकारी उप क्षेत्रीय कार्यालय एर्णाकुलम, केरल द्वारा यथासमय दी जाएगी।

सम्मेलन में भाग लेने के लिए आने वाले प्रतिभागियों को एयरपोर्ट तथा रेलवे स्टेशन से सम्मेलन स्थल तक आने व जाने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। उप क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा इसके लिए कोई व्यवस्था नहीं की जाएगी।

**चूंकि माह सितंबर 2024 में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भी अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। अत: इस सम्मेलन में प्रतिभागिता/ नामांकन के विषय में 'क.रा.बी.निगम का अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन' अवश्य लिखें।**

**महत्वपूर्ण/ Important :**

1. पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन मुख्यालय दिनांक 29.7.2024 अप. 5.30 बजे तक अवश्य भिजवा दिए जाएं।
   Power Point Presentation must be sent to Hqrs' Office on or before 29.7.2024 by 5.30 p.m.
2. पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन न भेजे जाने पर सम्मेलन में महानिदेशक महोदय के समक्ष उन कार्यालयों/ अधिकारियों के नाम प्रस्तुत किए जाएंगे।
   Failing to send Power Point Presentation to this office, names of the offices/ officers may be put up before Director General.
3. अंतिम तिथि के पश्चात नामांकन प्राप्त होने पर होटल में कमरा आरक्षित नहीं होगा। यदि फिर भी प्रतिभागी सम्मेलन स्थल पर पहुँच जाएंगे तो वे स्वयं के खर्च पर होटल की व्यवस्था करेंगे।
   No nomination will be entertained if the same is sent after the last date and such officials/ participant (if) reached the venue, he/she has to make his/ her own arrangement for Hotel.
4. सम्मेलन में नामांकन संबंधी अंतिम निर्णय कार्यालय का होगा। कृपया मुख्यालय के अधिकारियों से दूरभाष/ ईमेल/ पत्राचार आदि इस संबंध में न किया जाए।
   Head of office will decide nomination. In this regard, Phone calls/ emails/ correspondence with Hqrs' officers will not be entertained.

**संपर्क सूत्र :-**


श्री अनंत हरिकृष्णन यू / Sh. AnanthaHarikrishnan U,

सहायक/ उप निदेशक, नोडल अधिकारी,

उप क्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, एर्णाकुलम, केरल

ई-मेल : sro-ernakulam@esic.nic.in मोबाइल नं. :8089679436


**इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।**

**भवदीय,**

**संलग्न : यथोपरि**

26.7.2024

**(श्याम कुमार)**

**संयुक्त निदेशक (राजभाषा)**

**प्रतिलिपि :**

1. उप निदेशक (प्रभारी), उप क्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, एर्णाकुलम, केरल को सम्मेलन की व्यवस्था एवं सूचना हेतु।
2. वेबसाइट सामग्री प्रबंधक को इस अनुरोध के साथ कि इसे क.रा.बी. निगम की वेबसाइट पर अपलोड करें।

26.7.2024

**संयुक्त निदेशक(राजभाषा)**

**(अनिवार्य/ Mandatory)**

## एर्णाकुलम, केरल में दिनांक 16 अगस्त से 17 अगस्त 2024 तक आयोजित होने वाले अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में प्रतिभागिता के लिए नामांकन फार्म

**Nomination Form for participation in All India Official Language Conference to be held from 16th August to 17th August, 2024 in Ernakulam, Kerala**

(**नोट** : यह फार्म विधिवत रूप से भरकर भेजना अनिवार्य है।)

( **Note** : It is mandatory to send this form duly filled in.)

1. प्रतिभागी का नाम, ईमेल आई.डी. और मोबाइल नं. :
   Participant's name, email ID. and mobile no.

2. पदनाम / Designation :

3. कार्यालय/ अस्पताल का नाम :
   Name of Office/ Hospital

4. कार्यालय अध्यक्ष का नाम :
   Name of the Head of Office

5. क्या कार्यालय राजभाषा नियम 1976 के नियम 10(4) के अधीन अधिसूचित है :
   Whether the office is notified under Rule 10(4) of the Official Language Rules, 1976

6. व्यक्तिश: आदेश जारी किए जाने की तिथि :
   Date of issue 'Vyaktish Adesh'

7. वार्षिक कार्यक्रम जारी किए जाने की तिथि :
   Date of issue 'Annual Programme'

8. जांच बिन्दु जारी किए जाने की तिथि :
   Date of issue 'Check Points'

9. वर्ष में कुल कितनी कार्यशालाएं आयोजित की गईं :
   Total number of workshops organized in the year

10. वर्ष में कुल कितनी तिमाही (वि.रा.का.स.) बैठकें आयोजित की गईं :
    Total number of Quarterly (Departmental Official language implementation committee) meetings were organized in the year

11. क्या वर्ष के दौरान न.रा.का.स. की बैठकों में कार्यालय द्वारा सहभागिता की गई हैं :
    Whether participation has been made in Town Official Language Implementation Committee meetings during the year :

(क) क्या इन बैठकों में कार्यालय-अध्यक्ष द्वारा सहभागिता की गई ?

(a) Were these meetings attended by the Head of the Office ?

12. क्या कार्यालय ने राजभाषा विभाग, भारत सरकार को ऑनलाइन तिमाही रिपोर्ट भेजने के लिए पंजीकरण किया है :

Whether office has registered for sending online quarterly report to the Department of Official Language, Govt. of India:

13. वर्ष के दौरान राजभाषा के प्रगामी प्रयोग की कितनी तिमाही प्रगति रिपोर्ट राजभाषा विभाग को भेजी गई है ?

How many quarterly reports on progressive use of official language were sent to the Department of Official Language during the year ?

14. वर्ष के दौरान अधीनस्थ कार्यालयों एवं अनुभागों के कितने राजभाषा निरीक्षण किए गए हैं :

How many Official language inspection of subordinate offices and sections were done during the year :

| | | अधीनस्थ कार्यालय Subordinate office | शाखाएं / Branches |
|---|---|---|---|
| (क) | कुल संख्या Total Number | | |
| (ख) | निरीक्षण संख्या Number of inspections | | |

15. क्या आठ स्लाइडों का पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन (मंगल फॉन्ट में) सम्मेलन में लाया जा रहा है : **हाँ /नहीं**

Whether the power point presentation of eight slides (In Mangal font) is being: **Yes/No** brought in conference:

मैं प्रमाणित करता हूँ कि उपर्युक्त सूचनाएं मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है।

I certify that the above information is correct and true to the best of my knowledge.

**हस्ताक्षर**

**नाम :**

**पदनाम :**

**नोट : नामित प्रतिभागी कृपया उपर्युक्त नामांकन पत्र दिनांक 12/08/2024 तक rajbhasha-hq@esic.nic.in पर ईमेल करें।**

**Note : Nominated participants may please send above nomination form through e-mail by 12th August 2024 at rajbhasha-hq@esic.nic.in.**